साई साई बोल रे बंदे

साई नाम का सुमिरन करले साई नाम अनमोल
जीवन सफल हो जाएगा बंदे साई साई बोल
साई साई बोल रे बंदे बोल

साई की माला जपने वाला होता नही मजबूर
साई की भगती कर देती है हर आफत से चूर
साई साई बोल रे बंदे बोल

अपने कानो में साई की चाहत के रस घोल
साई का बन जा भक्त तू दिल से मन की आँखे खोल
साई साई बोल रे बंदे बोल

साई ऐसा अंतर यामी जाने दिल की बात,
साई मेरा दे देता है हर मुश्किल को मात
साई साई बोल रे बंदे बोल

बन के मुरारी आ जाता है सुनता है अरदास
सब की रक्शा करने वाला बाबा है सब के पास
साई साई बोल रे बंदे बोल

सारे जगत में बाबा मेरा ऐसा साई राम
मुश्किल में जो उसको पुकारे आये उसके काम
साई साई बोल रे बंदे बोल

दर दर काहे भटक रहा है आजा साई द्वार
तुझपे करेगे किरपा साई होगा बेडा पार
साई साई बोल रे बंदे बोल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21317/title/sai-sai-bol-re-bande-bol

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |